# प्रेस नोट थाना कटरा

# शाहजहाँपुर पुलिस

## सराहनीय कार्य दिनांक - 26.07.2026

**जनपदीय एसओजी, सर्विलांस सेल एवं थाना कटरा पुलिस की संयुक्त टीम को मिली बड़ी सफलता, 01 अन्तर्राज्यीय अवैध मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 01 किलोग्राम 927 ग्राम फाइन क्वालिटी की अवैध अफीम (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 06 लाख रुपये) बरामद।**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी तिलहर के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर के नेतृत्व में थाना कटरा पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई ।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 25.07.2026 को जनपदीय एसओजी, सर्विलांस सेल एवं थाना कटरा पुलिस की संयुक्त टीम थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, वांछित अभियुक्तों की तलाश तथा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग के दौरान भ्रमणशील थी। इसी दौरान मुखबिर खास की सूचना पर समय करीब 22:43 बजे ग्राम हुलास नंगला पुल के बराबर सर्विस रोड, थाना कटरा क्षेत्र से अभियुक्त मुस्ताक अंसारी पुत्र कबीर अंसारी, निवासी ग्राम तरबाडी, थाना लातेहार, जनपद लातेहार, राज्य झारखण्ड, उम्र करीब 35 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की जामा तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 01 किलोग्राम 927 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर थाना कटरा पर मु०अ०सं० 229/2026 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

मुस्ताक अंसारी पुत्र कबीर अंसारी निवासी ग्राम तरबाडी थाना लातेहार जिला लातेहार राज्य झारखण्ड उम्र करीब 35 वर्ष

**पंजीकृत अभियोग का विवरणः-**

मु0अ0सं0 229/26 धारा 8/18 NDPS ACT थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर ।

**गिरफ्तारी का दिनाँक, समय व स्थान का विवरणः-**

दिनाँक 25.07.26 को समय करीब 22.43 बजे, ग्राम हुलास नंगला पुल के बराबर मे सर्विस रोड थाना कटरा से

**बरामदगी का विवरणः-**

अभियुक्त के कब्जे से 01 किलोग्राम 927 ग्राम अवैध अफीम बरामद

**पूछताछ का संक्षिप्त विवरणः-**

गिरफ्तार अभियुक्त मुस्ताक अंसारी पुत्र कबीर अंसारी निवासी ग्राम तरबाडी, थाना लातेहार, जनपद लातेहार, राज्य झारखण्ड से बरामद अवैध अफीम के सम्बन्ध में पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि बरामद

अवैध अफीम वह अनूप पुत्र नामालूम निवासी चंदवा, राज्य झारखण्ड से लेकर आया था तथा उसे रंजीत पुत्र नामालूम निवासी जनपद बरेली को देने जा रहा था। अभियुक्त ने यह भी बताया कि वह अवैध रूप से अफीम की खरीद-फरोख्त कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। अभियुक्त द्वारा बताए गए तथ्यों के आधार पर उक्त प्रकरण में अन्य संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में जानकारी एकत्रित करते हुए आवश्यक वैधानिक एवं विवेचनात्मक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अवधेश कुमार सिंह थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 श्री मोहन देव शर्मा, प्रभारी एस0ओ0जी0/ सर्विलांस सेल मय टीम।
3. उ0नि0 श्री सागर मानव थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर।
4. का0 1901 आशीष कुमार थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर।
5. का0 1858 योगेन्द्र सिंह थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर।